मुख्य जनसंपर्क अधिकारी का कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

प्रेस विज्ञप्ति

भारत सरकार के NCPUL द्वारा जामिया मिल्लिया इस्लामिया (जेएमआई) के JPALC में आयोजित प्रेमचंद संगोष्ठी के शोध-पत्र एक वृहद पुस्तक के रूप में प्रकाशित

नई दिल्ली, 4 नवंबर, 2026

जामिया मिल्लिया इस्लामिया (जेएमआई) को यह बताते हुए अत्यंत गर्व और संतोष हो रहा है कि 'प्रेमचंद का अदब: नए तनाज़ुर में' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी की प्रोसिडिंग्स, जिसे 29 अप्रैल 2026 को जामिया मिल्लिया इस्लामिया के 'प्रेमचंद आर्काइव्स एंड लिटरेरी सेंटर' (JPALC) द्वारा भारत सरकार (नई दिल्ली) की 'नेशनल काउंसिल फॉर प्रमोशन ऑफ उर्दू लैंग्वेज' (NCPUL) के सहयोग से आयोजित किया गया था, अब NCPUL द्वारा प्रकाशित कर दी गई है। इस पुस्तक का संपादन JPALC, जेएमआई के निदेशक प्रो. शहज़ाद अंजुम और NCPUL, नई दिल्ली के निदेशक डॉ. शम्स इकबाल ने किया है।

इस संगोष्ठी का आयोजन और इस वृहद पुस्तक का प्रकाशन, माननीय कुलपति प्रो. मजहर आसिफ़ और कुलसचिव प्रो. मो. महताब आलम रिज़वी के बहुमूल्य मार्गदर्शन, प्रोत्साहन और पूर्ण सहयोग से संभव हो सका है। JPALC के सभी कर्मचारियों ने माननीय कुलपति और कुलसचिव के निरंतर समर्थन और सहयोग के लिए उनके प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया है।

इस पुस्तक में प्रेमचंद के उपन्यासों, कहानियों, निबंधों, पत्रों और अन्य रचनाओं पर नए और उत्कृष्ट विद्वतापूर्ण लेख शामिल हैं। ये लेख इस खंड में पहली बार प्रकाशित किए जा रहे हैं। इन्हें भारत के विभिन्न शहरों के विद्वानों और शिक्षकों द्वारा तैयार किया गया है। यह निस्संदेह जामिया मिल्लिया इस्लामिया के 'प्रेमचंद आर्काइव्स एंड लिटरेरी सेंटर' (JPALC) की एक बड़ी उपलब्धि है।

इन शोध-पत्रों के लेखक हैं: अनवर पाशा, हबीबुल्लाह खान, कौसर मजहरी, शहज़ाद अंजुम, अबू बक्र एबाद, अर्शिया जबीन, अहमद इम्तियाज़, मो. मुश्ताक तेजरावी, खालिद मुबश्शिर, इरशाद नियाजी, सैयद मोहम्मद आमिर, जावेद हसन, साकिब इमरान, महजर रजा, शाहनवाज फैय्याज, इरशाद नियाजी, जाहिद नदीम एहसान, और सैयद फैसल हाशमी (दिल्ली), सगीर अफराहीम, मोहम्मद। अली जौहर, (अलीगढ़), मोसर्रत जहां, अर्शिया जबीन, राहील सिद्दीकी, (हैदराबाद), मोहम्मद असलम, (अहमदाबाद), सिम्मी इकबाल, (गया), जगमोहन सिंह, (जम्मू), दरख्शां ज़र्रैन, नीलोफर फिरदौस, (कोलकाता), शाहनवाज हैदर शम्सी, और नसीम अफजल (हरियाणा), आदि जेपीएएलसी ने इस खंड के सभी योगदानकर्ताओं का आभारी है।

सीपीआरओ कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया